# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :................................/एन.ओ.सी./2025

दिनांक :...............................................

*जनहित गारन्टी/शीर्ष प्राथमिकता*

**कार्यालय–ज्ञाप**

**प्रबन्धक/प्राचार्य,**
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
जनपद–लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी।

महोदय,

उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1355/सत्तर–2099/28/2025 पार्ट–2., दिनांक : 06.11.2025 द्वारा नवीन प्रस्तावित महाविद्यालयों एवं पूर्व से संचालित महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रमों के संचालनार्थ उ0प्र0 शासन के पोर्टल "http://henoc.upsdc.gov.in" पर ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु दिनांक 15.12.2025 तक तिथि निर्धारित थी एवं इसके उपरान्त सम्बन्धित जिलाधिकारी से यथावश्यक भूमि सम्बन्धी सत्यापन कराने दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक ऑनलाइन अनापत्ति निर्गत किये जाने हेतु अन्तिम तिथि निर्धारित है।

**इस सम्बन्ध में सूच्य है कि शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल** "http://henoc.upsdc.gov.in" **पर कतिपय महाविद्यालयों द्वारा दिनांक 15.12.2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया गया है किन्तु आवेदन पत्र की हार्डकापी विश्वविद्यालय को अद्यतन उपलब्ध नहीं करायी गयी है।**

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा **ऑनलाइन अनापत्ति** प्रदान किये जाने के लिए दिनांक 15.12.2025 तक "http://henoc.upsdc.gov.in" पोर्टल पर आवेदन कर दिया गया है किन्तु ऑनलाइन आवेदन के प्रिन्ट की हार्डकापी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की गयी है, को **निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 26.12.2025 को 12:30 बजे तक प्रत्येक दशा में विशेष वाहक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन के प्रिन्ट की हार्डकापी संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें** ताकि निर्धारित अवधि में अनापत्ति के प्रकरण निस्तारित किये जा सकें अन्यथा की स्थिति में किसी प्रतिकूल परिस्थिति के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
कुलसचिव

संख्या : AF-22905-07 दिनांक : 23/12/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आव यक कार्यवाही हेतु प्रेशित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्धक, समस्त प्रस्तावित/सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) को अनुपालनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
कुलसचिव